हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

4 ग्रामीण की हत्या के विरोध में नगर बंद



## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**अनूपपुर।** जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा जिला स्तरीय ओलंपियाड सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 32 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कलेक्टर द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों को बैग, शील्ड, वाटर बॉटल, लंच बॉक्स, ज्योमेट्री बॉक्स एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इन विद्यार्थियों में कक्षा दूसरी से कक्षा आठवीं तक के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

### कलेक्टर ने किसान फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य का किया निरीक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बुधवार को जमुड़ी ग्राम पंचायत कार्यालय का निरीक्षण कर किसानों के फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पेसा मोबिलाइजर के माध्यम से संचालित फॉर्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री पंचोली ने ग्राम पंचायत सचिव से जानकारी ली कि पंचायत क्षेत्र में कुल कितने किसान हितग्राही हैं, जिनकी फॉर्मर रजिस्ट्री अपलोड की जानी शेष है। सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत में कुल 513 किसान हितग्राही ऐसे हैं, जिनकी फॉर्मर रजिस्ट्री प्रविष्टि की जानी है।

### जिपं सदस्य से सीएम को सौंपा ज्ञापन

**सोनहत।** कोरिया प्रवास पर आए मुख्यमंत्री को विभिन्न मांगों को लेकर जिला पंचायत सदस्य सुरेश कुमार सिंह ने ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर मांग किया है कि सोनहत जनपद क्षेत्र में अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा किया जाए। इनमें सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बंशीपुर, ग्राम पंचायत नवाटोला व ग्राम पंचायत चंदहा में अधूरे विद्युत कार्यो को पूर्ण करने, वनांचल क्षेत्र रामगढ़ में बीएसएनएल टावर प्रारंभ करने, ग्राम चकडॉड़ से धुम्माडॉड़ अधूरे सड़क को पूर्ण कराने, ग्राम ललमटिया ग्राम पंचायत भैंसवार में पहुंचविहीन 1 नग आर सीसी पुलिया निर्माण कराने की मांग की है।



### जपं सदस्य आशा ने सीएम का जताया आभार

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया महोत्सव बैकुंठपुर में पधारे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बहुप्रतीक्षित मांग ग्राम छिंदिया से ठाकुरपारा होते हुए शिवपुर पहुंच मार्ग निर्माण कार्य की घोषणा किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का वातावरण व्याप्त है। इस महत्वपूर्ण सड़क निर्माण की मांग को जनपद सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बैकुंठपुर आशा महेश साहू द्वारा लगातार स्थानीय विधायक, कलेक्टर एवं संबंधित विभाग रायपुर के समक्ष उठाया जाता रहा है। उन्होंने विभिन्न स्तरों पर पत्राचार एवं जनहित में पहल कर इस मार्ग की स्वीकृति के लिए निरंतर प्रयास किए। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा से ग्राम छिंदिया, ठाकुरपारा एवं शिवपुर सहित आसपास के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। लंबे समय से खराब सड़क के कारण क्षेत्रवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। घोषणा के उपरांत आशा महेश साहू ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और इससे ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। इस पर क्षेत्रवासियों ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।



तीर्थयात्रा कर लौट रही थी महिला, पर्याप्त बिजली का है अभाव

# बैकुंठपुर स्टेशन पर अव्यवस्था : प्लेटफार्म पर गिरने से घायल महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

केन्द्र की अमृत भारत योजना में शामिल बैकुंठपुर रोड स्टेशन में इन दिनों बदइंतजामी के चलते बीते 16 फरवरी की रात्रि में तीर्थयात्रा कर लौटे एक महिला प्लेटफार्म में उतरने के दौरान प्लेटफार्म व ट्रेन के बीच में फंस गई थी, जिसे गंभीर रूप से अस्पताल ले जाया गया, जहां से घायल महिला अंबिकापुर रेफर किया गया, फिर वहां से भी रायपुर के लिए रेफर कर दिया गया और रायपुर ले जाने के दौरान बीच रास्ते में ही घायल महिला ने दम तोड़ दिया।

घटना दिवस बैकुंठपुर रोड स्टेशन पर बिजली की पर्याप्त रोशनी नहीं थी और अभी निर्माण कार्य के कारण समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कई यात्रियों को विकट स्थिति का सामना कर ट्रेन से उतरने के दौरान करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार बीते 16 फरवरी को वृंदावन से यात्रा कर यात्री जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस से रात्रि लगभग 9:30 बजे बैकुंठपुर रोड स्टेशन पर पहुंचने पर उतरने लगे। इस दौरान जनरल कोच के लिए एक पतली सी प्लेटफार्म पर यात्री उतरने लगे। इस दौरान उक्त जगह पर्याप्त रोशनी भी नहीं थी, जिससे ट्रेन से उतरने के दौरान कई यात्रियों का बैलेंस बिगड़ गया। स्थिति यह रही कि एक तरफ रेल्वे ट्रेक तो दूसरी ओर 6 फीट की खाई थी। ऐसे में कई यात्रियों को लोगों के द्वारा संभाला गया, लेकिन एक बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खाड़ा चिटकाहीपारा निवासी महिला चंद्रवती साहू पति शिवराम साहू ट्रेन व प्लेटफार्म के बीच फंस गई, जिसे बचाने महिला का पुत्र राजकुमार साहू हाथ पकड़ कर खींचने की कोशिश किया, पर ट्रेन के झटके के कारण उसका हाथ छूट गया और महिला चंद्रवती साहू ट्रेक पर जा गिरी।

इसी बीच ट्रेन पूरी तरह रूकी तो महिला चंद्रवती का सिर, हाथ, पसली, कमर में गंभीर चोट पहुंची, जिसे उठाकर महिला का पुत्र राजकुमार अपनी मां को शासकीय हॉस्पिटल लेकर आया, जहां उपचार करने के बाद तत्काल अंबिकापुर रेफर कर दिया गया और अंबिकापुर से भी गंभीर रूप से घायल महिला को रायपुर रेफर कर दिया गया। घायल महिला को 17 फरवरी की रात्रि में रायपुर ले जाया जा रहा था, इसी बीच महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दी।



बैकुंठपुर स्टेशन। इनसेट में मृतिका

### स्टेशन में अंधेरे के कारण गिरे कई यात्री

मिली जानकारी के अनुसार बीते 16 फरवरी की रात्रि जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस से बैकुंठपुर क्षेत्र के 22 यात्री वृंदावन का भ्रमण कर लौट रहे थे। बैकुंठपुर रोड स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने पर सभी यात्री उतरने की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान स्टेशन में अंधेरा था, इसके चलते उतरने के दौरान कई यात्री प्लेट फार्म की ओर गिरे तो कुछ रेल्वे ट्रेक की ओर 6 फूट नीचे गिर गए थे। स्टेशन में अंधेरे के कारण कई यात्री जख्मी हो गए थे, यदि पर्याप्त रोशनी स्टेशन में रहती तो यात्रियों को चोटिल नहीं होते।


शिक्षामंत्री से मिलते शिक्षक।

## आत्मानंद विद्यालय के शिक्षक मिले शिक्षा मंत्री से,12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय कर्मचारी संगठन के कोरिया जिलाध्यक्ष गोपाल दत्त उरमलिया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एक दिवसीय प्रवास पर आए शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव को 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में शासकीयकरण, नौकरी की सुरक्षा तथा कर्मचारियों के भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से रखा गया।

प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को अवगत कराया कि इन मांगों का समाधान शिक्षकों एवं कर्मचारियों के मनोबल को सुदृढ़ करने तथा शैक्षणिक व्यवस्था की स्थिरता बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। विदित हो कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालयों में समस्त शैक्षणिक स्टाफ की भर्ती एकमुश्त वेतन पर संविदा आधार पर की गई थी। विगत कई वर्षों से वेतन में किसी प्रकार का भत्ता नहीं जोड़ा गया है, जबकि महंगाई निरंतर बढ़ती जा रही है, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान श्रीमती कविता मिश्रा, अंकिता सिंह, नीलेश शर्मा सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## झुमका जलाशय के शिकारा में सवार हुए सीएम, किया नौका विहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 16 फरवरी की देर शाम जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल झुमका जलाशय में शिकारा में सवार होकर नौका विहार करते हुए प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। मुख्यमंत्री ने जलाशय के किनारे ओपन थिएटर का लोकार्पण भी किया। करीब 27 लाख रूपए की लागत से करीब 500 दर्शकों की बैठक क्षमता का ओपन थिएटर अनुपम दृश्य प्रस्तुत करता है।

इस अवसर पर कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक भईयालाल राजवाड़े भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और नागरिकों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने जलाशय में बोटिंग करते हुए आसपास के हरित पहाड़ों और शांत जलराशि की सराहना की। उन्होंने कहा कि झुमका डैम न केवल कोरिया जिले की पहचान है, बल्कि पूरे छग में पर्यटन की अपार संभावनाओं का प्रतीक भी है। राज्य सरकार पर्यटन स्थलों के विकास, सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटकों की सुरक्षा, स्वच्छता और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। ⏭ शेष पेज 4 पर

### साहिल बने सरगुजा विश्वविद्यालय के महासचिव



**डोमनहिल।** चिरमिरी के सक्रिय छात्र नेता साहिल जायसवाल को संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय (सरगुजा विश्वविद्यालय) का महासचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति एनएसयूआई की नई कार्यकारिणी घोषित होने के बाद की गई। एनएसयूआई के राष्टीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, छग एनएसयूआई के प्रभारी महावीर गुजर, आदितेश्वर शरण सिंहदेव, विनय उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय एवं उपाध्यक्ष हिमांशु कुमार की सहमति से विगत दिनों विश्वविद्यालय अध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता द्वारा एनएसयूआई की कार्यकारिणी घोषित की गई। इसमें साहिल जायसवाल को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। वर्तमान में साहिल लाहिड़ी महाविद्यालय में अध्ययनरत हैं और स्थानीय छात्र राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनकी नियुक्ति से स्थानीय छात्रों की समस्याओं को विश्वविद्यालय स्तर पर मजबूती से उठाए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

### शुरु हो गया फव्वारा...


**बैकुण्ठपुर।** गर्मी की शुरूआत होने के साथ ही शहर के फव्वारा चौक का फव्वारा चालू हो गया। हालांकि माह के शुरूआत में ही चालू हुआ, लेकिन तब धार कम थी, जिसे ठीक कर दिया गया।

## एमसीबी में 45 प्रतिशत से अधिक धान का उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



धान खरीदी वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में उपार्जित धान का उठाव कार्य तेज, सुव्यवस्थित और पूरी तरह किसान हितैषी तरीके से संचालित किया जा रहा है।

जिले में अब तक कुल 8,79,848.60 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है, जिसमें से 4,00,910.00 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक उठाव हो चुका है। यह कुल उपार्जित धान का लगभग 45.57 प्रतिशत है। शेष 4,78,938.60 क्विंटल धान उपार्जन केन्द्रों में सुरक्षित रूप से संग्रहित है, जिसे उठाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चरणबद्ध और प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। उपार्जन केन्द्रवार उठाव की स्थिति पर नजर डालें तो कछौड़ से 10,940 क्विंटल, केल्हारी से 37,410 क्विंटल, कटकोना से 1,790 क्विंटल, कोड़ा से 16,970 क्विंटल, कौड़ीमार से 35,260 क्विंटल, खड़गवां से 20,930 क्विंटल, बरदर से 29,890 क्विंटल, रतनपुर से 19,650 क्विंटल, सिंगहत से 15,190 क्विंटल, कुंवारपुर से 14,420 क्विंटल, घुटरा से 23,330 क्विंटल, कठौतिया से 22,400 क्विंटल, चैनपुर से 30,860 क्विंटल, नागपुर से 24,040 क्विंटल, बंजी से 17,740 क्विंटल, जनकपुर से 11,410 क्विंटल, बहरासी से 6,240 क्विंटल, डोडकी से 18,960 क्विंटल, माड़ीसरई से 11,620 क्विंटल, सिंगरौली से 900 क्विंटल तथा बरबसपुर से 30,960 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है। कई केन्द्रों पर उठाव शून्य रहने के बावजूद वहां भी आगामी दिनों में कार्य तेज करने की तैयारी की जा चुकी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में धान उठाव को केवल एक ⏭ शेष पेज 4 पर

## कांग्रेसियों ने कहा-सीएम से मिलने नहीं दिया



**डोमनहिल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिरमिरी के अध्यक्ष शिवांश जैन ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शंकर राव, बरुन शर्मा, गायत्री विरहा, राहुल भाई पटेल और रबी विरहा की उपस्थिति में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर राज्य की भाजपा सरकार और स्थानीय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए।

श्री जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हालिया चिरमिरी दौरे से क्षेत्र की जनता को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन यह दौरा पूरी तरह निराशाजनक साबित हुआ। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि वे अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री को चिरमिरी के विकास से संबंधित एक मांग पत्र सौंपना चाहते थे। इस मांग पत्र में शहर की जर्जर सड़कों, पेयजल समस्या और विकास कार्यों में आ रही बाधाओं का उल्लेख था। श्री राजू जैन ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने उन्हें मुख्यमंत्री से मिलने से रोकने के लिए तानाशाही रवैया अपनाया। उनका कहना था कि हमें जबरन रोका गया। यहां तक कि मेरी दुकान और घर पर पुलिस भेजकर मुझे नजरबंद जैसी स्थिति में रखा गया, ताकि हम जनता की आवाज मुख्यमंत्री ⏭ शेष पेज 4 पर

उज्जवला गैस, पिंक ई-रिक्शा और गार्बेज रिक्शा का वितरण

# जनकल्याणकारी योजनाओं से बदल रही जिंदगी: सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कोरिया प्रवास के दौरान कोरिया महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण कर लाभान्वित किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में 105 पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन प्रदान किए। उन्होंने कहा कि इस योजना से अब इन परिवारों को धुएं से मुक्ति मिलने के साथ सुरक्षित, स्वच्छ और स्वास्थ्य के अनुकूल र्इंधन की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। इस अवसर पर स्व-रोजगार और महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 6 आजीविका दीदियों को पिंक ई-रिक्शा (ग्रामीण आजीविका एक्सप्रेस) प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल महिलाओं की आय बढ़ाने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने जिले की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 14 स्वच्छता दीदियों को गार्बेज रिक्शा भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल व्यवस्था नहीं बल्कि जनभागीदारी का अभियान है और इस दिशा में महिलाओं की भागीदारी सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि समाज का प्रत्येक वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि सरकार जनकल्याण और आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है।

## मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू

**मनेन्द्रगढ़।** युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में शासकीय पॉलीटेक्निक चिरमिरी द्वारा मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। संस्थान के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क होगा तथा इसकी अवधि तीन माह निर्धारित की गई है।

इस पहल का उद्देश्य युवाओं को व्यावहारिक एवं तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें निर्माण एवं स्वास्थ्य सेवा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रोजगार योग्य बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सहायक राजमिस्त्री और जनरल ड्यूटी असिस्टेंट ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सहायक राजमिस्त्री के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8 वीं पास तथा जनरल ड्यूटी असिस्टेंट के लिए 10 वीं पास निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को संबंधित ट्रेड में व्यवहारिक ज्ञान, तकनीकी कौशल एवं कार्यस्थल की आवश्यक दक्षताओं का समुचित प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे स्वरोजगार अथवा निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकें। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को शासकीय प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही संस्थान द्वारा प्रशिक्षित युवाओं के प्लेसमेंट के लिए भी प्रयास किए जाएंगे, ताकि प्रशिक्षण का प्रत्यक्ष लाभ उन्हें रोजगार के रूप में मिल सके। इच्छुक अभ्यर्थी 22 फरवरी तक कार्यालयीन समय में शासकीय पॉलीटेक्निक चिरमिरी पहुंचकर पंजीयन करा सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### मैनपाट महोत्सव में हुआ कवि सम्मेलन

**अम्बिकापुर।** मैनपाट महोत्सव के अंतिम दिन कवि-सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि-सम्मेलन की शुरूआत पुनम दुबे वीणा की रचना चला संगी रे घूमे जाबो ना से हुई। मुख-मुख में मंत्रणा कुदरत के ठाट की, डॉ.अंचल सिन्हा सुबह-सबेरे हल्दी बिखरे जैसे मेरी छारी में, प्रकाश कश्यप ने उल्टापानी, जलजल धरती, माटी जेकर चंदन है, रंजीत सारथी ने शिव तुम्ही दया करो, आशा पाण्डेय ने गले गरल धारण किए, नीलकंठ भगवान, डॉ.सपन सिन्हा ने सदा उपकार करते है, हमारे भोले शिवशंकर, मुकुन्दलाल साहू ने शंकर आज मुकुन्द की, कर दो पूरी आस रचना सुनाई। गीतकार संतोष सरल ने ओह रे सरगुजा कर जाड़ा, राजेश पाण्डेय ने हुई आंख अब नम तुम्हारी याद में, डॉ.योगेन्द्र सिंह गहरवार ने मंच तो किस्सा पल दो पल का, अनिता मंदिलवार ने करोगे न जब तक जतन रास्ते में, माधुरी जायसवाल ने जिंदगी का सार क्या है जान लो, राजेन्द्र राज कहां पाहूं दहेज दमांद तोर बर मैंहर, कृष्णकांत पाठक ने प्यार करने का बहाना ढूंढिए एवं देवेन्द्रनाथ दुबे ने हास्य कविताएं सुनाई। सम्मेलन का संचालन संतोष सरल ने किया। कार्यक्रम के अंत में कवियों को जिला प्रशासन द्वारा प्रमाण-पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### तस्कर शासकीय आवास से काट ले गए चंदन का पेड़



**अम्बिकापुर।** शहर में फिर से चंदन पेड़ के तस्कर सक्रिय हो गए हैं तथा 20 वर्ष पुराने चंदन पेड़ों काटकर रातोरात पार कर रहे हैं। बीती रात तस्करों ने डीसी रोड स्थित एक वन अधिकारी के शासकीय आवास के लॉन में लगे चंदन पेड़ को काटकर पार कर दिया। वन विभाग द्वारा शहर में कई स्थानों पर चंदन के पेड़ लगाए गए हैं वहीं लोगों ने भी अपने घरों में चंदन के पेड़ लगाए हैं। तस्कर कुछ सालों से रात में चंदन के पेड़ों को काटकर पार कर रहे हैं। डीसी रोड स्थित वन विभाग के शासकीय आवास में निवासरत एक वनमंडलाधिकारी ने 20 वर्ष पूर्व अपने आवास के बाहर चंदन का पेड़, कुछ औषधीय फूल के पौधे लगाए थे तथा तार से पेड़ों का घेराव कराया था। बीती रात तस्कर तेज धारदार हथियार से चंदन पेड़ को काटकर पार कर दिए। सुबह लोगों ने चंदन पेड़ की पतली डालियों का ढेर देखकर पूछताछ की तो तस्करों द्वारा चंदन पेड़ काटने की जानकारी मिली। क्षेत्रवासियों का कहना है कि तस्कर दिन में घूमकर मोटे पेड़ों की पहचान करते हैं तथा कई दिन रैकी कर सुरक्षा व्यवस्था एवं लोगों की आवाजाही होने की जानकारी लेते हैं तथा रात्रि 1 बजे से 3 बजे के बीच पेड़ों को काटकर पार करते हैं। पेड़ों को काटने के लिए तस्कर बैटरी चलित आधुनिक हथियारों का उपयोग करते हैं जिससे लोगों को इसकी भनक तक नहीं लग पाती। इसके पूर्व भी तस्कर शहर के विभिन्न वार्डों के घरों एवं मंदिरों में लगे चंदन पेड़ों को काटकर पार कर चुके है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कांसाबेल अंतर्गत ग्राम बटईकेला निवासी दयानंद भैसा आ. सुबतधन भैया (55 वर्ष) सुबह लगभग 9 बजे किसी काम के सिलसिले में बाइक से पत्थलगांव की ओर से ग्राम टेड़गा जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार बतौली व कुनकुरी के बीच पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख राहगीर सहित आसपास के लोगों ने बतौली शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। इधर मृतक के साथ किसी के नहीं होने पर पुलिस ने उसके मोबाइल से परिजन को सूचना दी। परिजन के आने के पश्चात पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### मुख्य न्यायाधीश की माता के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**रामानुजगंज।** अधिवक्ता संघ रामानुजगंज द्वारा 17 फरवरी को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर रामानुजगंज में शोकसभा का आयोजन किया गया। यह शोकसभा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा की माता श्रीमती कुसुम सिन्हा के 15 फरवरी को हुए दुखद निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु आयोजित की गई शोकसभा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश हेमंत सर्राफ सहित समस्त न्यायाधीश, अधिवक्ता एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। इस अवसर पर ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजन को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## सालों से संस्थागत प्रसव की सुविधा बंद

# तीन साल में नहीं बन सका उपस्वास्थ्य केंद्र भवन, सुविधाविहीन हॉल में हो रहा संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

तीन साल का लम्बा समय गुजरने के बावजूद दूरस्थ ग्राम पंचायत महुली में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। भवन के अभाव में वर्षों से स्वास्थ्य केंद्र का संचालन कोविड सेंटर के हॉल में किया जा रहा है जहां लम्बे समय से सिर्फ आउटडोर का संचालन किया जा रहा है।

**खास बात**
- मरीजों को करना पड़ रहा सिंगरौली एवं सूरजपुर का सफर

सूरजपुर जिलान्तर्गत दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों एवं आवागमन सुविधाओं की कमी के बीच स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए गंभीर रूप से बीमार लोगों को सीमावर्ती मध्यप्रदेश के सिंगरौली या फिर जिला मुख्यालय सूरजपुर का सफर करना पड़ रहा है। वर्ष 2018 में ग्राम महुली सहित आसपास के गांवों में मलेरिया का प्रकोप होने एवं 21 मलेरिया पीड़ितों की मौत होने पर प्रशासन ने आनन-फानन में ग्राम पंचायत महुली में उप स्वास्थ्य केन्द्र खोला था। भवन के अभाव में पटवारी आवास में स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ किया गया था। पटवारी आवास में काफी कम जगह उपलब्ध होने के बावजूद स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं के अनुसार प्रसव एवं गंभीर रूप से घायल लोगों को उपचार की सुविधा मिल रही थी। वर्ष 2023 में शासन ने उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की तथा भवन निर्माण की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को सौंप दी।



निर्माणाधीन स्वास्थ्य केन्द्र भवन।

**कोविड सेंटर में स्वास्थ्य केंद्र**

भवन निर्माण प्रारंभ होने के पूर्व से उप स्वास्थ्य केंद्र का संचालन कोविड सेंटर के हॉल में किया जा रहा है। कोविड सेंटर में न तो बिजली-पानी की सुविधा है न ही प्रसव एवं बेड की सुविधा है। ग्राम महुली से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर की दूरी 25 किमी एवं ग्राम पंचायत मुण्डा एवं तेलाईपाट से दूरी 60 किमी होने के कारण उप स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही है। संस्थागत प्रसव के लिए क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं दुर्घटनाओं में घायल लोगों को प्राथमिक उपचार तक की सुविधा नहीं मिल रही है। मजबूरी में लोगों को संस्थागत प्रसव के लिए सीमावर्ती मध्यप्रदेश के बैढ़न एवं जिला अस्पताल सूरजपुर जाना पड़ रहा है। कम दूरी होने के कारण अधिकांश मरीज उपचार के लिए बैढ़न का सफर करने मजबूर है।

सीजीएमएससी ने टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के साथ ही ठेकेदार से निर्माण प्रारंभ करवा दिया। ठेकेदार ने भवन निर्माण कार्य प्रारंभ तो कर दिया लेकिन निर्माण में नियमितता नहीं आ सकी। ठेकेदार सुविधा के अनुसार कभी नींव तो कभी डोर लेवल तक दीवार का निर्माण तो कभी छत ढलाई का काम कराता रहा। हालत यह है कि तीन साल का लम्बा समय गुजरने के बावजूद अभी भवन निर्माण पूरा नहीं हो सका है। अभी भी भवन में प्लास्ट, खिड़की-दरवाजा एवं वायरिंग आदि का कार्य अधूरा है। जिस धीमी गति से निर्माण हो रहा है स्वास्थ्य केन्द्र भवन तैयार होने में लम्बा समय लगने की संभावना जताई जा रही है। निर्माण अधूरा होने के पीछे शासन द्वारा समय पर राशि उपलब्ध नहीं कराने को वजह बताया जा रहा है।

**कागजों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रस्ताव**

उप स्वास्थ्य केंद्र पर क्षेत्र की दो दर्जन ग्राम पंचायतों के लोग निर्भर है। अधिकांश गांवों तक आवागमन के लिए सड़क तक नहीं है वहीं कई गांव पहाड़ी एवं जंगल के बीच है। बीच-बीच में मौसमी बीमारियों का प्रकोप होने के कारण अधिकारियों ने उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा देने का प्रस्ताव कई बार शासन को भेजा लेकिन प्रस्ताव अभी भी फाइलों से बाहर नहीं निकल पाया है। लोगों की सुविधा के लिए शासन द्वारा वर्ष 2021-22 में बाइक एंबुलेंस की सुविधा प्रारंभ की गई थी लेकिन पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यह सुविधा सफल नहीं हो सकी। क्षेत्रवासी लम्बे समय से क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग कर रहे हैं।

**चल रही पहल**

पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण में विलंब हुआ। भवन का निर्माण शीघ्र पूरा कराने की पहल विभाग द्वारा की जा रही है।
-डॉ.केडी पैकरा
सीएमएचओ, सूरजपुर



## रेलवे में भृत्य की नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी, फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

रेलवे में भृत्य पद पर नौकरी लगवाने के नाम एक युवक से ठगी करने मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम आमगांव निवासी प्रार्थी बालरूप सिंह ने 4 मई 2025 को थाना जयनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि माह सितम्बर 2023 में इसके परिचित अज्जू सिंह पिता बुढ़न सिंह निवासी ठाकुरपुर थाना गांधीनगर द्वारा रेलवे विभाग में भृत्य की नौकरी लगाने के नाम पर 2 लाख 38 हजार 6 सौ रुपए लिया था।

नौकरी नहीं लगने से 70 हजार रूपये मात्र वापस किया और बाकी शेष रकम को अब तक वापस नहीं किया है। अज्जू सिंह द्वारा नौकरी लगाने के नाम रकम लेकर धोखाधड़ी किया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 420, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। मामले में पुलिस ने पूर्व में 6 मई 2025 को आरोपी अज्जू सिंह को गिरफ्तार किया था। जिसने पूछताछ में अपने सहयोगी सुदामा दास के साथ मिलकर एक राय होकर रेलवे विभाग में भृत्य का नौकरी लगाने के नाम पर प्रार्थी और उसके भाई से विभिन्न माध्यमों से कुल 2,38,600 रुपए लिए जाने की बात स्वीकारी। मामले में आरोपी सुदामा फरार चल रहा था। जयनगर पुलिस फरार आरोपी की पतासाजी में लगी थी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर आरोपी सुदामा दास पिता स्व.समल दास 48 वर्ष निवासी मरौल बरडीपाटोला थाना बगीचा जिला जशपुर को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने अज्जू के साथ मिलकर धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। कार्रवाई में जयनगर थाना प्रभारी रूपेश कुन्तल एक्का, एसआई सोहन सिंह, प्रधान आरक्षक रजिन्दर एक्का, आरक्षक हरिशंकर सिंह, सुरेश साहू, अम्बिका मरावी सक्रिय रहे।



## संजयनगर में राशन वितरण की निर्धारित मात्रा में की जा रही कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम संजयनगर में संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकान में निर्धारित मात्रा में कटौती करने का मामला प्रकाश में आया है, इसमें समूह संचालक द्वारा राशन स्टॉक की कमी होने की बात कही जा रही है,दरअसल गांव की ओम शांति महिला समूह द्वारा पीडीएस दुकान संचालित की जा रही है।

- कग्रामीणों ने जताई नाराजगी

उक्त राशन दुकान पर ग्रामीणों ने आरोप लगाए हैं कि दुकान का संचालन मनमर्जी से किया जा रहा है,राशन वितरण का कोई तय समय नहीं है और निर्धारित मात्रा से कम चावल दिया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रति 70 किलो चावल में लगभग 400 ग्राम तक की कटौती कर दी जा रही है। जब इस संबंध में लाभार्थियों ने विरोध जताया तो कथित तौर पर समूह संचालक ने राशन स्टॉक की कमी होने का कारण बताकर कम तौल के राशन वितरण करने की बात कही,ग्रामीणों के अनुसार पूरी दुकान का संचालन और वितरण कार्य एक ही महिला द्वारा किया जाता है,इससे वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं,कई हितग्राहियों का कहना है कि तौल के समय किसी प्रकार की निगरानी या सत्यापन की व्यवस्था नहीं रहती है।कई बार दूर-दराज से आए हितग्राहियों को यह कहकर लौटा दिया जाता है कि सर्वर डाउन है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है।

## प्लेस ऑफ सेफ्टी से 13 अपचारी बालक हुए फरार, 5 पकड़े गए

**अंबिकापुर।** शहर के बाल सुधार गृह प्लेस ऑफ सेफ्टी से बीती रात विभिन्न अपराधिक मामलों में बंद अपचारी बालक भाग निकले। अचानक ही 13 अपचारी बालक प्लेस ऑफ सेफ्टी के पिछले रास्ते से दौड़ते हुए भागे। इस दौरान उन्होंने दो सुरक्षा कर्मियों को भी घायल कर दिया। फिलहाल इनमें से 5 बालकों को बरामद कर लिया गया है जबकि अन्य की तलाश जारी है। बता दें कि शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र में प्लेस ऑफ सेफ्टी के नाम से बाल सुधार गृह संचालित है। प्लेस ऑफ सेफ्टी में विभिन्न अपराधिक प्रकरणों में शामिल किशोर अपचारी बालकों को रखा जाता है। बताया जा रहा है की बीती रात परिसर में सुरक्षा कर्मी बालकों को उनके कमरे की और भेज थे। बालकों को अंदर करने के लिए गार्ड ने जैसे ही दरवाजा खोला 13 अपचारी बालक अचानक ही हमलावर हो गये और दौड़ते हुए भागने लगे। इस दौरान मौके पर तीन सुरक्षाकर्मी मौजूद थे। बालकों ने सुरक्षा कर्मियों से मारपीट की जिसमें दो सुरक्षा गार्ड को चोट आई है। इस घटना के बाद हडकंप मच गया। संस्था से भागने वालों में हत्या, दुष्कर्म, चोरी, मारपीट सहित अन्य गंभीर अपराधों के आरोपी अपचारी बालक शामिल है। बीती रात हुई घटना के बाद अब तक 5 बालकों को बरामद कर लिया गया है जबकि शेष की तलाश जारी है। थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमार द्विवेदी ने बताया की प्लेस ऑफ सेफ्टी से 13 अपचारी बालक भागे थे इनमें से 5 को बरामद किया गया है और शेष की तलाश की जा रही है।

## कोयला चोरी करने खदान में घुसे छह लोगों को सुरक्षा अमले ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की आमगांव, अमेरा एवं गायत्री खदानों में संगठित रूप से हो रही कोयला चोरी थमने का नाम नहीं ले रही है। रोजाना बड़ी मात्रा में कोयला पार होने से प्रबंधन चिंता में है,चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है।

- किया रामानुजनगर पुलिस के सुपुर्द

लगातार हो रही वारदातों से परेशान प्रबंधन ने अब खुद मोर्चा संभाल लिया है। दो दिन पूर्व क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह और सब एरिया मैनेजर आमगांव विजय कुमार त्रिपुरा बटालियन के जवानों के साथ तड़के खदान क्षेत्र में पहुंचे थे,इस दौरान कोयला ले जाते कुछ लोगों को पकड़कर उनसे लिखित माफीनामा लिया गया और प्रतिबंधित क्षेत्र में दोबारा प्रवेश न करने की चेतावनी देकर छोड़ा गया था,अचानक हुए कार्रवाई के दौरान कई लोग मौके से फरार हो गए थे। मंगलवार को एक बार फिर सुबह करीब साढ़े छह बजे महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी त्रिपुरा बटालियन के जवानों के साथ औचक दबिश देने पहुंचे। टीम को देखते ही कई संदिग्ध भाग निकले, जबकि जवानों ने छह लोगों को पकड़ लिया। उनके पास से दस बाइक और छह मोबाइल जब्त किए गए। पकड़े गए आरोपियों को रामानुजनगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।



## एसआईआर में फार्म 7 का गलत उपयोग कर नाम कटवाने वालों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में मंगलवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार नायक से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि फार्म 7 का दुरुपयोग कर वैध मतदाताओं का नाम कटवाने वाले तत्वों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

- जिला कांग्रेस ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि एसआईआर की प्रक्रिया के दूसरे चरण में दावा आपत्ति के दौरान अंतिम समय में भाजपा से जुड़े लोगों के द्वारा पूरे जिले में फार्म 7 का दुरुपयोग करते हुए हजारों लोगों के नाम कटवाने की आपत्ति दर्ज की गई। अकेले अम्बिकापुर शहर में 1143 नाम को कटवाने का आवेदन यह कहते हुए दिया गया कि ये मतदाता मौजूद नहीं है। ऐसे लोगों में निगम अम्बिकापुर के नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के भाई रफी अहमद, पार्षद कलीम अंसारी के पुत्र और भतीजा, पार्षद हसन खान और उनकी पत्नी, पूर्व पार्षद नुजहत फातिमा जैसे नाम शामिल हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने फार्म 7 में गलत जानकारी देते हुए पूरे जिले के अल्पसंख्यकों को लक्ष्य करकर संगठित रूप से नाम कटवाने का आवेदन दिया था। जिन लोगों के नामों को कटवाने का आवेदन दिया गया था उनका नाम भौतिक सत्यापन के उपरांत एसआईआर की ड्राफ्ट सूची में शामिल किया गया था। ऐसे में जानबूझकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने झूठी जानकारी का शपथ पत्र देते हुए वैध मतदाताओं का नाम कटवाने का प्रयास किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी से चर्चा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने यह मांग की है कि संबंधित मतदान केंद्र के बीएलए की मौजूदगी में नाम कटवाने के लिए भाजपाइयों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का भौतिक सत्यापन कराई जाए। अगर भौतिक सत्यापन में यह पाया जाता है कि नाम काटने के लिए प्रस्तुत आवेदन गलत जानकारी पर आधारित है तो ऐसे आवेदन को देने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 212 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 31 के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि बिना भौतिक सत्यापन के ड्राफ्ट सूची में मौजूद किसी भी मतदाता का नाम विलोपित नहीं किया जाएगा।

गलत फार्म 7 प्रस्तुत कर नाम कटवाने वाले लोगों के विरुद्ध कनूनी कार्रवाई के लिए उन्होंने विधिक अभिमत प्राप्त कर आगे बढ़ने का आश्वासन दिया है। इस दौरान पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, पीसीसी महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा, हेमंत सिन्हा, मो इस्लाम, विनय शर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, रशिद अहमद, शैलेंद्र सोनी, जमील खान, हसन खान, मेराज रंगरेज, गुरूप्रीत सिंह, जीवन यादव, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, निक्की खान, सोहन जायसवाल, नरेंद्र विश्वकर्मा, अविनाश कुमार, विकास केशरी, दिनेश शर्मा, अख्तर चम्मा सहित बड़ी संख्या में प्रभावित मतदाता मौजूद थे।



**थानों में दर्ज कराएंगे अपराध**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने पार्टी के सभी बूथ लेबल एजेंट सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को इन फर्जी आवेदनों के विरोध में थानों में अपराध दर्ज कराने का निर्देश दिया है। जिलेभर में इसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। हालांकि इस मामले में पुलिस असंज्ञेय अपराध का मामला पंजीबद्ध कर रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा है कि पुलिस के द्वारा काटे गए सनहा के आधार पर फर्जी फार्म 7 प्रस्तुत करने वालों के विरुद्ध जल्द ही न्यायालय में परिवाद की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी ताकि भविष्य में गलत तथ्यों के आधार पर वैध मतदाताओं का नाम कटवाने वालों पर लगाम लगे।



## अभाविप के कार्यकर्ताओं ने सारासोर मेला में निभाई सेवा और सुरक्षा की जिम्मेदारी

**प्रतापपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सारासोर मंदिर में मेला के अवसर पर सारासोर स्थित शिवालय में उमड़ी आस्था की विशाल भीड़ के बीच श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं व्यवस्थित दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई।
महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में सारासोर में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन हेतु पहुंचे। भीड़ को नियंत्रित करने, कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था बनाए रखने, वृद्ध एवं महिला श्रद्धालुओं को सहायता प्रदान करने सुरक्षा व्यवस्था, भण्डारा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था जगराता कार्यक्रम के बैठक की व्यवस्था तथा आवश्यकतानुसार प्राथमिक सहयोग उपलब्ध कराने में अभाविप के कार्यकर्ता पूरे दिन निरंतर सक्रिय रहे। कोरिया विभाग संयोजक प्रदीप यादव ने बताया कि अभाविप के लगभग 100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था, शांतिपूर्ण दर्शन व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, पेयजल व्यवस्था भण्डारा व्यवस्था हेतु सुबह 8 बजे से पूरे दिन लगे रहे। इस सेवा काम में जिले के प्रतापपुर, भैयाथान, ओड़गी, सूरजपुर, बिहारपुर, विश्रामपुर, बुंदिया, जरही, धरमपुर, डांड़करवां, सलका, भैंसामुण्डा से सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्रामीण बैंक जा रहे बाइक सवार दंपती को पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुई महिला की मौत हो गई जबकि पति को मामूली चोटें आई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम गणेशपुर निवासी ज्योति मंडल पति विद्या मंडल (28 वर्ष) दोपहर में पति के साथ बाइक से सिलफिल स्थित ग्रामीण बैंक जा रही थी। इसी बीच पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 एडब्ल्यू 0406 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर गई जिससे सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही अचेत हो गई। महिला को परिजन तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

**परिजन ने मचाया हंगामा**


मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केंद्र में महिला की मौत हो जाने के बाद परिजन ने जमकर हंगामा मचाया। परिजन का कहना था कि जब चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया तो अस्पताल के स्टाफ परिजन को बिना बताए ही लाश को सीधे मरच्यूरी में ले गए जबकि परिवार के कोई सदस्य अंतिम बार उसे देख भी नहीं सके। अस्पताल में गहमा गहमी की स्थिति निर्मित हो जाने पर पुलिस मौके पर पहुंच परिजन को समझाइश दी जिसके बाद परिजन शांत हुए।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम पलधा निवासी कनिलाल आ. नानसाय (38 वर्ष) महाशिवरात्रि के दिन शिवपुर मेला घूमने बाइक से अकेले गया था जिसके बाद वापस घर नहीं लौटा। रात में युवक के घर नहीं आने पर परिजन खोजबीन करने लगे तो युवक घर से कुछ दूर पुलिया के समीप गंभीर हालत में पड़ा हुआ था जबकि बाइक क्षतिग्रस्त में थी। परिजन युवक को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

### घर तोडते समय दीवार की चपेट में आया ग्रामीण, मौत

**अम्बिकापुर।** धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम चितरपुर निवासी रामफल आ. सुनू नगेसिया (21 वर्ष) भतीजा कैलाश के साथ शहर के चोपड़ा पारा निवासी आकाश चोपड़ा के यहां मजदूरी करने आया था। अन्य मजदूर के साथ मिलकर वह आकाश चोपड़ा के पुराने घर तोड़ रहा था तभी दीवार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख काम कर रहे अन्य मजदूर उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मजदूर को मृत घोषित कर दिया।



# ऑस्कर विनर एक्टर के लिए अनुपम ने लिखा भावुक पोस्ट

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर, फिल्म प्रोड्यूसर और ऑस्कर विनर रॉबर्ट डुवैल का 95 साल की उम्र में निधन हो गया। रॉबर्ट डुवैल ने 'द गॉडफादर' जैसी कल्ट फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग से दुनिया भर में पॉपुलैरिटी बटोरी थी। एक्टर अनुपम खेर ने रॉबर्ट डुवैल के निधन पर दुख जताया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रॉबर्ट डुवैल की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'रॉबर्ट डुवैल ऐसे एक्टर थे, जिन्हें ध्यान खींचने के लिए कभी शोर की जरूरत नहीं पड़ी। शांत, सटीक और बहुत सच्चे... वह हर रोल में जबरदस्त गहराई लेकर आए और पर्दे पर कमाल की छाप छोड़ी।

लाइफStyle



# मोना
## स्टार को बीमा पॉलिसी समझते हैं मेकर्स

टीवी की जस्सी के नाम से मशहूर अभिनेत्री मोना सिंह अब इंडस्ट्री की सबसे बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो फिल्मों के साथ-साथ वेब सीरीज में भी लगातार काम कर रही हैं। हाल ही में मोना सिंह नेटफ्लिक्स की सीरीज कोहरा के दूसरे सीजन में नजर आई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लगातार फिल्मों और सीरीज में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद मोना सिंह का कहना है कि प्रोड्यूसर्स उनके नाम पर 100 करोड़ रुपए के बजट की फिल्म बनाने का जोखिम नहीं उठाना चाहते। मोना सिंह ने अपने कॅरियर के उस मुकाम पर होने की बात की, जहां वह आसानी से प्रोजेक्ट्स को ठुकरा नहीं सकतीं। अभिनेत्री ने कहा कि यह मेरे द्वारा लिए गए फैसलों की वजह से ही है कि मैं यहां हूं। मैंने प्रासंगिक बने रहने और अपने सिद्धांतों पर कायम रहने की कोशिश की है। इसलिए मैंने कई प्रोजेक्ट्स को मना किया है। हालांकि, मना करना कभी आसान नहीं होता। मुझे लगता है कि जीवन में मुझे पता है कि मैं क्या नहीं चाहती। यह स्पष्टता अब मेरे भीतर है।अभिनेत्री ने आगे कहा कि निर्माता सितारों को एक बीमा पॉलिसी की तरह देखते हैं, ताकि उन्हें अपना पैसा वापस मिल सके। पोस्टर पर एक स्टार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की गारंटी देता है। फिल्म निर्माण आखिरकार एक व्यवसाय है। आप जानते हैं कि आप निवेश कर रहे हैं और आपको उससे कहीं अधिक पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर किरदार सिर्फ सर्विस प्रोवाइडर बनकर रह जाते हैं। यही सच्चाई है। अगर आप मेरी मुख्य भूमिका वाली 100 करोड़ रुपए की फिल्म की बात कर रहे हैं, तो मुझे ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है।

## हॉलीवुड मसाला



# डैनी के साथ शेयर की तस्वीरें

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने फिल्म 'जुमांजी 3' की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। फैंस के बीच 'द रॉक' के नाम से मशहूर ड्वेन ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। 17 फरवरी को ड्वेन जॉनसन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर बताया कि फिल्म 'जुमांजी 3' के लिए उनके सह-कलाकार डैनी डेविटो की शूटिंग पूरी हो गई है। उन्होंने डैनी और केविन हार्ट के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं।




# स्पाई-थ्रिलर सीरीज तेहरान से मिली थी पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** इस्राइली प्रोड्यूसर डाना ईडन का 52 साल की उम्र में निधन हो गया है। डाना एक होटल में मृत अवस्था में पाई गईं। वो एमी पुरस्कार विजेता जासूसी थ्रिलर 'तेहरान' की सह-निर्माता थीं। इस्राइल के पब्लिक ब्रॉडकास्टर 'कान' ने डाना ईडन के निधन की जानकारी दी है। इसके मुताबिक, वो ग्रीस में 'तेहरान' के चौथे सीजन की शूटिंग कर रही थीं। डाना ईडन को इस्राइल की सबसे सफल और प्रभावशाली टेलीविजन प्रोड्यूसर्स में गिना जाता था। वह हिट सीरीज 'तेहरान' की सह-निर्माता और क्रिएटर थीं। उन्होंने अपने करियर में कई चर्चित टीवी प्रोजेक्ट्स पर काम किया। जिनमें 'सेविंग्स द वाइल्डलाइफ', 'शी हैज इट', 'मैगपाई' और 'शाकशौका' जैसे शोज के जरिए उन्होंने अपनी पहचान बनाई। डाना ईडन ने अपने प्रोफेशनल पार्टनरशिप प्रोड्यूसर शूला स्पीगल के साथ मिलकर डोना और शुला प्रोडक्शंस की स्थापना की थी।



# आगे खिसकी गबरू की रिलीज डेट...


**मुंबई।** सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल हुई है। इस बीच वे अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें फिल्म 'गबरू' का भी नाम है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। शशांक उदयपुरकर निर्देशित यह फिल्म पहले 13 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। यह फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में सनी देओल ने 'गबरू' को अपने दिल के सबसे करीब फिल्मों में से एक बताया। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' और यश की 'टॉक्सिक' 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। फिल्म 'गबरू' को विशाल राणा और ओम छंगानी के प्रोड्यूस किया है।



# तुम्बाड 2 के लिए विलेन की तलाश जारी

**मुंबई।** साल 2018 में रिलीज हुई सोहम शाह की हॉरर फिल्म तुम्बाड थिएटर के बाद डिजिटल पर जबरदस्त रिएक्शन मिला था। फिल्म की कहानी, एक्टिंग ने ऑडियंस और गहरी छाप छोड़ी थी। अब सोहम शाह इस तुम्बाड 2 बना रहे हैं। फिल्म पर काम इस साल की शुरुआत में शुरू हो गया है। अब विलेन के सिलेक्शन पर काम चल रहा है। ताजा रिपोर्ट की मानें तो तुम्बाड 2 के लिए धुरंधर के रहमान डकैत अक्षय खन्ना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम सामने आ रहा है। दोनों में से कोई एक हॉरर फिल्म का विलेन बन सकता है। इस फिल्म से जुड़े सूत्र ने एक पोर्टल को जानकारी देते हुए बताया है कि तुम्बाड 2 में एक पावरफुल विलेन का किरदार अहम है। फिल्म की कहानी इसी किरदार के इर्द गिर्द रची गई है। इस विलेन का किरदार इंटेस और कई परतों से बना हुआ है।

## टीवी मसाला




# फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी...

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में व्यस्त हैं, ताकि जश्न के दौरान वे पूरी तरह फ्री रह सकें। कृतिका अपनी नई फिल्म की शूटिंग खत्म करने में जुटी हैं, जबकि गौरव एक बड़े स्पोर्ट्स टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा। लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद कृतिका शादी की तैयारियों पर भी उतना ही ध्यान दे रही हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह चाहती हैं कि शादी के समय उनका कैलेंडर पूरी तरह खाली हो, ताकि वह इस नए सफर की शुरुआत पूरे सुकून और खुशी के साथ कर सकें। वहीं, गौरव कपूर भी अपने काम में व्यस्त हैं। वह इन दिनों एक बड़े स्पोर्ट्स इवेंट की मेजबानी कर रहे हैं और लगातार शूट व लाइव शेड्यूल में व्यस्त हैं।

## अवनीत कौर का मिस्ट्री मैन कौन

**नई दिल्ली।** अवनीत कौर ने इस वैलंटाइंस डे पर एक ऐसी तस्वीर शेयर की जिसके बाद से उनके मिस्ट्री मैन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।



हालांकि, अवनीत ने वो पोस्ट डिलीट तो कर दिया लेकिन अब वो सवालों के घेरे में फंस गई हैं। पहले तो उन्होंने वैलंटाइंस डे पर सरेआम प्यार का इजहार किया और फिर अपनी वो पोस्ट डिलीट कर डाली। बताया जा रहा है कि ये मिस्ट्री मैन कोई और नहीं, बल्कि राघव शर्मा हैं। हालांकि, भले अवनीत ने वो फोटो डिलीट कर दी लेकिन अब चर्चा है कि क्या एक्ट्रेस राघव शर्मा को डेट कर रही हैं? बताया जा रहा है कि राघव देसी म्यूजिक फैक्ट्री के को-फाउंडर हैं, जो साल 2022 से अवनीत के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर खबरों में हैं। एक्ट्रेस ने पहले तो पोस्ट किया लेकिन इसे लेकर शुरू होते बवाल को देखते हुए उन्होंने ये सबूत मिटाने की कोशिश की। हालांकि, तब तक ये झलक चारों तरफ फैल चुकी थी। उस तस्वीर में अवनीत डाइनिंग टेबल के दूसरी तरफ बैठे एक शख्स का हाथ पकड़े नजर आ रही थीं और जैसे ही उन्होंने ये पोस्ट किया लोगों ने स्क्रीनशॉट रख लिए थे।

# अभिषेक अब शाहरुख की किंग में आएंगे नजर...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने नए लुक को लेकर बात की और बताया है कि ये शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' का हिस्सा है। अब एक्टर के इस नए लुक पर लोग जमकर कॉमेंट करते दिख रहे हैं। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख की फिल्म का हिस्सा बनने की बात खुद कही है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू मं अपने बदले हुए लुक पर बातें करते हुए अभिषेक बच्चन ये ये बातें बताई हैं। अब फिल्म 'किंग' में उनकी भूमिका को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं। इसके अलावा लोगों ने उनके इस लुक की तारीफ भी की है। सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी अगली मी फिल्म 'किंग' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। 'जवान' के बाद आ रही



शाहरुख की इस फिल्म में कई बॉलीवुड सितारे दिखेंगे, जिसे लेकर अब अभिषेक बच्चन ने भी कन्फर्म कर दिया है। अभिषेक बच्चन ने 'किंग' में अपनी भूमिका पर भी बात की। उन्होंने हाल में आयोजित 'ग्लोबल बिजनेस समिट 2026' के एक सेशन के दौरान अपने नए हेयरस्टाइल को लेकर बातें की। जब उनसे उनके नए लुक के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की खुशी है कि आपने मेरे बदले हुए लुक पर ध्यान दिया। जी हां, मैं फिलहाल अपनी नई फिल्म किंग की शूटिंग कर रहा हूं।' हालांकि उनसे ये भी पूछा गया कि क्या वो इस फिल्म के बारे में और बातें करना पसंद करेंगे? इसपर एक्टर ने ना में जवाब दिया और फिल्म के बारे में और कुछ कहने से साफ इनकार कर दिया।

# अधूरी मोहब्बत की ताकत : सैड एंडिंग वाली फिल्में होती हैं सुपरहिट

**नई दिल्ली।** आज तक हम इस दुख में हैं कि गजनीमें कल्पना को अंत तक नहीं पता चल पाया कि सचिन ही संजय सिंहानिया है। हमें आज भी अफसोस होता है कि आमिर खान क्यों सही वक्त पर पहुंचकर आसिन को नहीं बचा पाए। तेरे नाम में जब राधे पागलखाने पहुंच जाता है और निर्जरा ज़हर पी लेती है, तो हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं। रांझणा में कुंदन का जोया के लिए आखिरी मोनोलॉग आज भी तीर की तरह हमें चुभता है। सनम तेरी कसम में सरस्वती को मरते देख हम सब आंसू बहाते हैं। कल हो ना हो में शाहरुख खान का किरदार अमन माथुर चल बसता है, लेकिन हम आज भी उस फिल्म को याद करते हैं। सदमा में जब ट्रेन से श्रीदेवी चली जाती हैं तो पीछे कमल हासन का छूटना हमें आज भी सताता है। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान के किरदार को तड़पते देख




हम भी दर्द महसूस करते थे, मगर ये सारी फिल्में सुपरहिट रहीं। एक विलेन, आशिकी 2, लैला मजनूं, मोहब्बतें जैसी तमाम फिल्में हैं, जिनमें हीरो या हीरोइन या दोनों की मौत हो जाती है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में शानदार प्रदर्शन करती हैं।

*लेकिन सवाल है:* जब इन फिल्मों को देखकर हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं, फिर भी ये सैड एंडिंग वाली फिल्में सुपरहिट क्यों होती हैं? चलिए समझने की कोशिश करते हैं।

क्यों सुरक्षित रिश्ते लगते हैं बोरिंग, 'रजनीगंधा'ने 52 साल पहले समझा दिया था । इश्क़ दर्द और सिनेमा

*अधूरी मोहब्बत का आकर्षण :* जब कोई प्यार पूरी तरह से पूरा नहीं होता या हमें हासिल नहीं हो पाता, तो हमारा दिमाग उसे खास मानने लगता है। साइकोलॉजी में इसे 'अप्राप्य वस्तुओं का आदर्शवाद' कहा जाता है। मतलब, जो चीज़ मुश्किल या नामुमकिन लगती है, हमारा दिमाग उसे ज्यादा परफेक्ट और रोमांटिक मानता है। इसलिए देवदास, रांझणा, सनम तेरी कसम जैसी अधूरी मोहब्बत की कहानी हमें ज्यादा याद रहती है और दिल को छू जाती है। हमारा अचेतन इसे आइडियल मानता है।

जैसा हरिवंश राय बच्चन ने मधुशाला में लिखा- 'प्यार नहीं पा जाने में है, पाने के अरमानों में! पा जाता तब, हाय, न इतनी प्यारी लगती मधुशाला।' यानी, हासिल करने में प्यार उतना खास नहीं लगता जितना उसे पाने की तड़प में।

## एक के लिए तो गिनीज बुक में दर्ज हो चुका है नाम
# सिर्फ भारतीय फिल्मों में होती हैं ये 7 अजीब चीजें

*नई दिल्ली। बात जब फिल्मों की आती है तो हम अक्सर बातें करते हैं कि बॉलीवुड वाले हॉलीवुड के टक्कर की फिल्में नहीं बना पाते हैं। कभी वीएफक्स तो कभी कोरियन सिनेमा जैसी सादगी हमारी फिल्मों में मिसिंग रहने की बात उठती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि भारत साल भर में इतनी फिल्में रिलीज करता है जितनी दुनिया भर में और कहीं नहीं होती हैं। इतना ही नहीं और भी कई ऐसी बातें हैं जो भारतीय सिनेमा को बाकी फिल्म इंडस्ट्रीज से अलग बनाती हैं। तो चलिए जानते हैं भारतीय सिनेमा के बारे में 7 रोचक तथ्य।*

### फिल्मों की फैक्ट्री है अपना इंडिया

***दुनिया*** को लगता है कि हॉलीवुड सबसे बड़ा है, लेकिन सच यह है कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाला देश है। जहां हॉलीवुड साल भर में लगभग 700-800 फिल्में बनाता है, वहीं भारत हर साल 1,500 से 2,000 के बीच फिल्में रिलीज करता है।

### बिना गानों की फिल्म का पिटना तय

***हॉलीवुड*** या यूरोपियन सिनेमा में फिल्में बिना गानों के होना सामान्य बात है, वहां 'म्यूजिकल' एक अलग जॉनर होता है। लेकिन, भारत में उल्टा है। यहां बिना गानों की फिल्म बनाना एक बहुत बड़ा जोखिम माना जाता है। भारतीय फिल्मों में औसतन 5-6 गाने होते हैं, जो फिल्म की मार्केटिंग और कमाई का आधा जरिया होते हैं।

### स्टार्स का दूध अभिषेक और मंदिर

***यह*** दुनिया के किसी और देश में नहीं होता। दक्षिण भारत में जब किसी बड़े सुपरस्टार की फिल्म रिलीज होती है, तो फैंस उनके कट-आउट्स को दूध से नहलाते हैं। इतना ही नहीं, अमिताभ बच्चन और सोनू सूद जैसे स्टार्स के तो भारत में बाकायदा मंदिर भी बने हुए हैं।

### क्यों दुनिया से उलटा चल रहा इंडिया?

दुनिया भर की सिनेमा इंडस्ट्री आज 90 मिनट से 2 घंटे की फिल्मों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन भारतीय दर्शक आज भी 'पैसा वसूल' अनुभव के लिए कम से कम 2.5 से 3 घंटे की फिल्म की उम्मीद करते हैं। भारत में फिल्म देखने जाना मतलब पूरा दिन इसके लिए निकालना पड़ता है। क्योंकि, कई बार 3 घंटे की फिल्म और इंटरवल फिर फिल्म से पहले और बाद थोड़ा घूमना-फिरना पूरा दिन लेता है।



### सिर्फ यहां का बोर्ड लगाता है ऐसे नियम

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां फिल्मों में स्मोकिंग या शराब के सीन आने पर स्क्रीन के नीचे 'चेतावनी' दिखाना जरूरी है। विदेशी फिल्मों को भी भारत में रिलीज होते समय इन नियमों का पालन करना पड़ता है, जो बाहर के फिल्ममेकर्स के लिए काफी अजीब अनुभव होता है।

### दुनिया का सबसे बड़ा फिल्मी परिवार

भारतीय सिनेमा जगत में 'नेपोटिज्म' की खूब चर्चा तो होती है, लेकिन क्या आपको पता है कि इसी वजह से हमने गिनीज बुक में भी जगह पाई है। कपूर खानदान का नाम 'गिनीज वर्ल्ड बुक' में दर्ज है, क्योंकि उनकी एक ही परिवार की पांच पीढ़ियां (पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर-करीना तक) सिनेमा जगत का हिस्सा रही हैं।

### कहीं नहीं मिलती ऐसी फैन फॉलोइंग

आपको जानकर हैरानी होगी कि राज कपूर रूस में वहां के लोकल हीरोज से ज्यादा पॉपुलर थे। वहीं, रजनीकांत का जापान में इतना जबरदस्त क्रेज है कि वहां उनकी फिल्मों के खास शोज चलते हैं। मिथुन चक्रवर्ती का 'डिस्को डांसर' अवतार आज भी रूस और मिड एशिया के देशों में एक कल्ट माना जाता है।

## खबर संक्षेप

### सोते समय खाट से गिरने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

अम्बिकापुर। खाट से गिरने से गंभीर हुए ग्रामीण की अस्पताल लेकर आते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम देवी टिकरा निवासी राम साय आ. सोमार साय (45 वर्ष) रविवार की रात परिवार के सभी सदस्य अपने अपने कमरे में सो रहे थे। तड़के 3 बजे पत्नी अमरपति पति के कमरे में गई तो पति को खाट से नीचे अचेत हालत में पाया। पत्नी ने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन तत्काल राम साय को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### कोटपा एक्ट के तहत 16 पर चालानी कार्रवाई

**अंबिकापुर**। जिले में तंबाकू और अन्य मादक पदार्थों के उपयोग पर नियंत्रण और धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभावों की रोकथाम के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम का विकासखण्ड लखनपुर अंतर्गत उल्लंघन करने पर पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं खाद्य व औषधि विभाग के संयुक्त दल द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। बिना वैद्यानिक चेतावनी वाले सिगरेट, तम्बाकू उत्पाद, पान-मसाला विक्रेता द्वारा बैठक व्यवस्था बनाकर सिगरेट पिलाने, सार्वजनिक स्थल में सिगरेट पीने वाले पर कार्यवाही करते कुल 16 चालानी कार्रवाई करते हुए 1600 रुपये का चालान काटा गया। साथ ही भविष्य में सार्वजनिक स्थल, शैक्षणिक संस्थानों के समीप धूम्रपान करने वाले एवं अमानक रूप से तम्बाकू उत्पाद के क्रय विक्रय करने पर संचालनों के विरूद्ध सील बंद संबंधी कार्यवाही भी किए जाने चेतावनी दी गई। सीएमएचओ ने बताया कि तम्बाकू विक्रेता को कोटपा एक्ट के बारे में जानकारी होनी चाहिए, तम्बाकू उत्पाद के पैकेट में स्पष्ट रूप से तम्बाकू सेवन यानी अकाल मृत्यु का चित्रण अनिवार्य होना चाहिए। धूम्रपान में सहायक लाइटर, ऐस ट्रे को संस्थान में नहीं रखना चाहिए। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तम्बाकू विक्रय संस्थान में नहीं रहना चाहिए। इस हेतु एक बोर्ड अनिवार्य रूप से तम्बाकू संस्थान में रहना चाहिए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं खाद्य व औषधि निरीक्षक अनिल पैकरा, कमल नारायण, मनोज बिसेन, पीमसई उपस्थित थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की गई जान

**अम्बिकापुर**। प्लेटफॉर्म पर ट्रेन से उतर रही महिला अचानक गिरने से ट्रेन के नीचे जा घुसी, दुर्घटना में गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार चरचा अंतर्गत ग्राम खाराटिल चिटकारी निवासी चंद्रावती पति शिवराम साहू (55 वर्ष)12 फरवरी को परिवार के साथ सत्संग में गई गई थी। सत्संग में शामिल होने के पश्चात 16 फरवरी को ट्रेन वापस लौट रही थी। जैसे ही चरचा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर पुत्र हाथ पकड़ कर ट्रेन से उतारने लगा तभी ट्रेन के आगे बढ़ जाने से महिला नीचे गिर और पटरी में जा घुसी। घटना को देख लोगों ने किसी तरह ट्रेन को रोका और महिला को गंभीर हालत में पटरी से बाहर निकाला।

## स्वस्फूर्त बंद रही दुकानें, धरना प्रदर्शन व रैली के बाद सौंपा गया ज्ञापन

# ग्रामीण की हत्या के विरोध में नगर बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

एसडीएम की पिटाई से बुजुर्ग आदिवासी ग्रामीण की मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस घटना के विरोध में मंगलवार को नगर बंद रहा जबकि सर्व आदिवासी समाज व कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन करने के साथ ही इस मामले में निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की है। इधर हत्या और मारपीट के मामले में पुलिस ने देर रात ही एसडीएम समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और मामले की जांच जारी है। वहीं प्रशासनिक टीम की मौजूदगी में मृतक का शव गृह ग्राम पहुंचा, मृतक का अंतिम संस्कार बुधवार को किया जाएगा।

बता दें कि विकासखंड के कोरंधा थाना अंतर्गत ग्राम हंसपुर निवासी 62 वर्षीय बुजुर्ग राम उर्फ रामनरेश आ. रेगहा उरांव, 60 वर्षीय अजीत राम आ. लाल चंद व 20 वर्षीय आकाश अगरिया आ. रुपसाय अगरिया की एसडीएम करुण डहरिया ने अपने गुर्गों और बॉक्साइट खनिज माफियाओं विक्की सिंह, मंजीत कुमार यादव एवं सुदीप यादव के साथ मिलकर 15 फरवरी की रात जमकर मारपीट की थी। लाठी, डंडे, राड से मारपीट के बाद बेहोशी की हालत में तीनों ग्रामीणों को सीएचसी कुसमी में भर्ती करा दिया गया था जहां बुजुर्ग राम उर्फ राम नरेश की मौत हो गई जबकि दो ग्रामीणों का उपचार जारी है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर प्रारंभिक जांच व प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट के आधार पर कोरंधा पुलिस ने बीएनएस की धारा 103(1), 115(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर करने के साथ ही देर रात एसडीएम करुण डहरिया, विक्की सिंह, मंजीत कुमार यादव एवं सुदीप यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। अवैध बॉक्साइट खनन, परिवहन का विरोध करने पर आदिवासी ग्रामीण की बेरहमी से हत्या किए जाने और मारपीट से क्षेत्र में रोष का माहौल है। इस घटना के विरोध में मंगलवार को सर्व आदिवासी समाज के साथ ही कांग्रेस ने नगर बंद का आह्वान किया। इस नगर बंद को नगरवासियों का भी समर्थन मिला और लोगों ने स्वस्फूर्त अपनी दुकानें बंद रखी। घटना के विरोध में और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर दोपहर 1 बजे तक लोगों ने अपनी दुकान बंद रखी। नगर बंद के कारण काम काज ठप रहा। नगर बंद के साथ ही सर्व आदिवासी समाज और कांग्रेस ने सड़क पर शव रखकर धरना प्रदर्शन के साथ ही ज्ञापन सौंपा।



जेल के बाहर हत्या के आरोपी एसडीएम व अन्य आरोपी।

### देर रात गृहग्राम पहुंचा शव

एसडीएम की मारपीट से आदिवासी बुजुर्ग ग्रामीण राम उर्फ रामनरेश की मौत के बाद परिजन शव लेने को तैयार नहीं थे। प्रशासन द्वारा जांच कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद परिजन शव लेने को राजी हुए थे। 17 फरवरी को धरना प्रदर्शन के बाद मृतक को कांग्रेस व आदिवासी समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि दी जिसके बाद मृतक के शव को प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में गृह ग्राम भेजा गया। हालांकि देर शाम होने के कारण मंगलवार को मृतक का अंतिम संस्कार नहीं हो पाया। अब बुधवार को मृतक का अंतिम संस्कार किए जाने की बात कही जा रही है।

### एक करोड़ रूपए मुआवजे की मांग

सर्व आदिवासी समाज ने मृतक के परिवार को एक करोड़ रूपए मुआवजा दिए जाने के साथ ही परिवार के एक सदस्य को नौकरी, घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई करने, घायल व्यक्तियों को 5-5 लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने, कुसमी एसडीएम, तहसील कार्यालय में पदस्थ शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को उनके मूल विभाग भेजने सहित अन्य मांगों को लेकर अपर कलेक्टर आरएस लाल को ज्ञापन सौंपा। पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिहर यादव, पूर्व विधायक प्रीतम राम, केपी सिंहदेव, शफी अहमद के नेतृत्व में आन्दोलन किया और जमकर नारेबाजी गई। इस दौरान अपर कलेक्टर आरएस लाल ने मांगों का निराकरण किए जाने का आश्वासन दिया गया जिसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ। इस दौरान दानिश रफीक, विजय पैकरा, भानु प्रताप सिंह, राजेंद्र तिवारी, लालसाय मिंज, धीरजन उरांव, मुजस्सम नजर, गोवर्धन राम सहित अन्य मौजूद थे।



### कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

ग्राम हंसपुर में ग्रामीण खेत में सिंचाई के लिए पानी देखने नहर की ओर गए थे और वापस लौटते समय अपने गुर्गों के साथ पहुंचे एसडीएम ने ग्रामीणों की पिटाई की। एसडीएम और खनिज माफिया अवैध बॉक्साइट उत्खनन और परिवहन का विरोध करने से नाराज थे। बड़ी बात यह है की एसडीएम माफियाओं की थार से गांव में गए हुए थे। इसके साथ ही मारपीट के बाद उन्होंने अपने अन्य लोगों को बुलाकर घायलों को अस्पताल में भेज दिया। इस घटना के बाद प्रशासनिक अधिकारियों और खनिज माफियाओं के सांठ-गांठ की बात सामने आ रही है।

## जर्जर सड़क को लेकर एनएच 343 पर किया गया चक्का जाम



हरिभूमि न्यूज : अम्बिकापुर

एनएच 343 की जर्जर स्थिति, पेयजल सहित अन्य समस्याओं को लेकर कांग्रेस व ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन व चक्का जाम किया। इस दौरान लगभग डेढ़ घंटे तक मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। मौके पर पहुंचे अधिकारियों के आश्वासन उपरान्त आंदोलन समाप्त किया गया।

बता दें राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर बने गड्ढों के कारण आए दिन हादसे हो रहे है इसके साथ ही उड़ती धूल के कारण लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने पूर्व में प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था लेकिन कोई समाधान नहीं होने पर मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव शैलेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस व ग्रामीणों ने रनपुर में चक्का जाम और धरना प्रदर्शन किया। लगभग डेढ़ घंटे तक लोगों ने मास्क लगाकर प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। एनएच 343 के निर्माण का टेंडर हो चुका है लेकिन कार्य की रफ्तार कम है। सड़क को आवागमन योग्य नहीं बनाया गया और पानी का नियमित छिडकाव नहीं हो रहा है। इस दौरान मौके पर पहुंचे एनएच के एसडीओ निखिल कुजूर ने आश्वासन दिया की धूल से निजात के लिए लगातार 2 गाड़ियां लगातार पानी का छिड़काव करेंगी। 10 दिन के अंदर सारे गड्ढे भर दिए जायेंगे और समय सीमा में सड़क के निर्माण का कार्य पूर्ण किया जाएगा। वहीं प्रदर्शनकारियों ने असोला, रनपुर, देवगढ़, सोनपुर सहित अन्य गांव में जल जीवन मिशन का काम होने के बाद भी पानी सप्लाई नहीं होने को लेकर अधिकारीयों से चर्चा की। प्रदर्शन के दोरुआन पीएचई ईई ओमकार सिंह ने बताया कि लगभग साल भर में जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण होगा और बांक डैम से पानी का सप्लाई होगा। इस दौरान ग्राम असोला, रनपुर, देवगढ़, सोनपुर में अप्रैल तक कुछ बोरिंग की सुविधा प्रदान कर दी जाएगी। क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग और ब्लास्टिंग की समस्या से ग्रामीणों ने अधिकारियों को अवगत कराया जिसके बाद नायब तहसीलदार ने अवैध प्लाटिंग और ब्लास्टिंग करने वालों पर तत्काल कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस दौरान निखिल विश्वकर्मा, सौरभ फ़िलिप, आशीष शील, तरण बाबरा, प्रिंस विश्वकर्मा, वैभव पांडेय आदि शामिल रहे।

# देवगढ़ मेला के अंतिम दिवस उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरी कला

तीन दिवसीय देवगढ़ मेला के अंतिम दिन आज बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने पहुंचे। देवगढ़ मेला में पिछले तीन दिन के भीतर ही दो लाख से अधिक लोग पहुंचे। मेला में उमड़ने वाली भीड़ को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस की कड़ी कसावट होने से भीड़ पर नियंत्रण बना रहा। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के पूजा अर्चना के लिए व्यवस्था बनाई गई थी।

जिले के उदयपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत देवटिकरा प्राचीन देवी स्थल जमदग्नि ऋषि की तपोभूमि स्थित देवगढ़ में महाशिवरात्रि पर तीन दिवसीय विशाल मेला का आयोजन किया गया। मेला में संभाग के साथ अन्य प्रदेश के लोग भी पूजा अर्चना के साथ मेले का लुत्फ उठाने पहुंचे। लोगों की अधिक भीड़ होने के कारण बड़ी संख्या में व्यापारियों द्वारा कई तरह की दुकानें सजाई गई थी जिसमें लाखों रुपए की खरीदारी भी किया गया। देवगढ़ मेला में उमड़ी रही लोगों की भीड़ को व्यवस्थित करने प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार के साथ थाना उदयपुर, लखनपुर और केदमा पुलिस चौकी के प्रभारियों द्वारा अलग अलग टीम गठित कर लगातार निगरानी रखी जा रही थी। किसी प्रकार की घटना न हो इसके लिए दो पेट्रोलिंग टीम गठित कर प्रत्येक गलियारों में आवागमन बनी रही इसके लिए पुलिस जवान जगह-जगह तैनात किए गए थे। मेला में बड़ी संख्या में बच्चे गुम हो गए थे जिन्हें पुलिस सहायता केंद्र में रख चाइल्ड लाइन एवं पुलिस टीम द्वारा माइक में अलाउंस कर परिजन को सुपुर्द किया गया।

### तीन दिन के भीतर पहुंचे 2 लाख से अधिक लोग



### लगाए गए थे सीसीटीवी कैमरा

देवगढ़ मेला आयोजन से पूर्व पुलिस व मेला समिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें हर व्यवस्था दुरूस्त करने तथा मेला के मैनेजमेंट हेतु अलग अलग टीम गठित की गई। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर परिसर में जलाभिषेक करने लगे लाइन की व्यवस्था की गई थी जबकि चोरी, चेन स्नेचिंग की घटना पर अंकुश लगाने हेतु कई जगह सीसीटीवी कैमरा लगाई गई थी जिससे घटना को अंजाम देने वाले लोग पकड़े जा सके।

### बनाए गए थे अलग-अलग बेरीकेट

श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए अलग-अलग बेरिकेट बनाए गए थे। हाथ में नारियल, अगरबत्ती फल, फूल, बेलपत्र, अक्षत के साथ जल लेकर महिला और पुरुष हेतु अलग-अलग बेरीकेट से पूजा अर्चना की। पुलिस बल 3 दिनों तक लगातार तैनात रहे जिससे किसी प्रकार की बड़ी घटना नहीं हो सकी।

## मुख्यमंत्री पूर्व जिलाध्यक्ष के पितृशोक में हुए शामिल



बैकुण्ठपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 17 फरवरी को जिले के भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के ओड़गी स्थित निवास पहुंचे और उनके पितृशोक में शामिल होकर संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वर्गीय मुकुट बिहारी जायसवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने 90 वर्षों की लंबी जीवन यात्रा में एक आदर्श शिक्षक के रूप में विद्यालय और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे गणित विषय के लोकप्रिय शिक्षक के रूप में पूरे अंचल में प्रसिद्ध रहे। बैकुंठपुर के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल से प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त होने के बाद भी वे शिक्षा और संस्कारों के क्षेत्र में सक्रिय रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. मुकुट बिहारी जायसवाल सिद्धांतवादी व्यक्तित्व के धनी थे। गायत्री परिवार से जुड़े होने के कारण वे जीवनभर सात्विक जीवन शैली और उच्च नैतिक मूल्यों के समर्थक रहे। उन्होंने कहा कि उनके बताए सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्व. मुकुट बिहारी जायसवाल के परिवार में दो पुत्र कृष्ण बिहारी जायसवाल, विपिन जायसवाल और एक पुत्री श्रीमती चंपा देवी जायसवाल हैं।

**आम सूचना**

मैं मीना देवी (MINA DEVI), (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पति कृष्णा प्रसाद साव, गाँव /शहर वार्ड क्र.-03,बेनिया दफाई, वेस्ट चिरिमिरी पोड़ी, तहसील -चिरिमिरी, जिला-एम. सी. बी., छत्तीसगढ़ ने अपना नाम मीना देवी (MINA DEVI) (पुराना नाम) से बदल कर मीना (MEENA) (नया नाम) रख लिया है।

हस्ताक्षर

**आम सूचना**

मैं कृष्णा प्रसाद साव (KRISHNA PRASAD SAW), (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र स्व. राजवारी साव गाँव /शहर वार्ड क्र.-03, बेनिया दफाई, वेस्ट चिरिमिरी पोड़ी, तहसील -चिरिमिरी, जिला एम. सी. बी., छत्तीसगढ़ ने अपना नाम कृष्णा प्रसाद साव (KRISHNA PRASAD SAW) (पुराना नाम) से बदल कर कृष्णा प्रसाद साव (KRISHNA PRASAD SAV) (नया नाम) रख लिया है।

हस्ताक्षर

### अखंड नाम संकीर्तन में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

रामानुजगंज। ग्राम आरागाही में सार्वजनिक अखंड नाम संकीर्तन समारोह समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के तत्वावधान में 16 प्रहर अखंड नाम संकीर्तन समारोह का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। यह धार्मिक आयोजन पिछले 40 वर्षों से निरंतर प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जा रहा है, जो गांव की अटूट आस्था और समृद्ध धार्मिक परंपरा का परिचायक है। 14 फरवरी को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में कलश यात्रा के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 14 से 17 फरवरी तक चले इस चार दिवसीय आयोजन में आसपास के दर्जनों गांवों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। अखंड नाम संकीर्तन में त्रिपुरा, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल एवं स्थानीय भजन मंडलियों ने भाग लेकर भक्ति रस की धारा प्रवाहित की। आयोजन स्थल को भव्य और आकर्षक रूप से सजाया गया था। धार्मिक मर्यादा का विशेष ध्यान रखते हुए आयोजन के दौरान चार दिनों तक गांव में मांस की बिक्री पूर्णतः बंद रही तथा ग्रामवासियों ने भी मांसाहार से परहेज किया। इससे पूरे गांव में सात्विकता और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। समारोह में नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल,सुमित गुप्ता, अमित गुप्ता, प्रमोद मिश्रा,रत्नेश्वर मलिक, कमल मंडल, प्रभात विश्वास, सुशील सरकार, रंजीत धर, कार्तिक माझी, देवाशीष वेद, राजू मंडल, नीतू मंडल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## एकतरफा कार्रवाई के विरोध में भूख हड़ताल की चेतावनी

**सोनगरा**। जगन्नाथपुर ओसीएम कथित कोयला चोरी प्रकरण को लेकर खदान क्षेत्र का माहौल तेजी से गरमाता जा रहा है। कुछ कर्मचारियों पर की गई कथित एकतरफा कार्रवाई के विरोध में संयुक्त मोर्चा भटगांव क्षेत्र ने कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा और पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी व उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों से मुलाकात कर कहा कि बिना ठोस साक्ष्य और समुचित जांच के कर्मचारियों को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं है। प्रतिनिधिमंडल का आरोप है कि प्रारंभिक स्तर पर ही कुछ कर्मचारियों पर कार्रवाई कर दी गई, जबकि मामले की जांच अभी शेष है। इससे खदान क्षेत्र में काम कर रहे कर्मचारियों के बीच असंतोष और आक्रोश का माहौल है। संयुक्त मोर्चा ने ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्दोष कर्मचारियों को राहत नहीं दी गई और जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की गई, तो चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसमें खदान परिसर में भूख हड़ताल, कार्य बहिष्कार, धरना-प्रदर्शन और आवश्यक होने पर घेराव जैसे कदम उठाए जा सकते हैं। मोर्चा का आरोप है कि खदान परिसर में बाहरी तत्वों की संदिग्ध गतिविधियां बढ़ रही हैं। कथित रूप से लिफ्टर के माध्यम से अवैध प्रवेश कर असामाजिक तत्वों द्वारा उत्पात मचाने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। कर्मचारियों ने मांग की है कि सुरक्षा प्रबंधन को मजबूत किया जाए, प्रवेश-निकास व्यवस्था पर सख्ती बरती जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। पूरे घटनाक्रम से खदान क्षेत्र में काम कर रहे श्रमिकों के बीच चिंता का माहौल है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि जल्द निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो इसका असर औद्योगिक संबंधों के साथ-साथ उत्पादन व्यवस्था पर भी पड़ सकता है। मुलाकात के दौरान अधिकारियों ने संयुक्त मोर्चा को आश्वस्त किया कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।



## पृष्ठ 1 का शेष

### झुमका जलाशय में...

स्थानीय युवाओं को पर्यटन से जोड़कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर भी बल दिया गया। मुख्यमंत्री के नौका विहार के दौरान काफी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक लोकधुनों के बीच वातावरण उत्सवमय बना रहा। झुमका डैम में मुख्यमंत्री का यह दौरा पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों में सकारात्मक संदेश देने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस अवसर पर संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा, आईजी दीपक झा, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, एसपी रवि कुमार कुर्रे सहित काफी संख्या में पर्यटक, जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

### एमसीबी में 45 प्रतिशत...

प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसानों के विश्वास और उनकी मेहनत के सम्मान से जुड़ा दायित्व माना जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्रत्येक उपार्जन केन्द्र की सतत निगरानी की जा रही है, ताकि शेष धान का उठाव समय पर, सुरक्षित और बिना किसी असुविधा के पूरा किया जा सके। कुल मिलाकर धान खरीदी वर्ष 2025-26 में जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर का धान उठाव कार्य एक सशक्त और अनुकरणीय उदाहरण के रूप में सामने आया है।

### कांग्रेस की प्रेसवार्ता:...

तक न पहुंचा सकें। उन्होंने भाजपा की केन्द्र, राज्य और स्थानीय स्तर की ट्रिपल इंजन सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस इंजन के चारों टायर पंचर हो चुके हैं। श्री जैन ने कहा कि चिरमिरी की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है, जबकि सरकार बड़े-बड़े दावों में व्यस्त है। कांग्रेस पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि चिरमिरी की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया और विपक्ष की आवाज को इसी तरह दबाया जाता रहा।

### मुस्लिम समाज का पवित्र माह रमजान 19 से

अंबिकापुर। मुस्लिम समुदाय का पवित्र माह रमजान 19 फरवरी से शुरू हो रहा है। इस दौरान समाज के लोग एक महीने तक रोजा रखने के साथ ही इबादत में लीन रहेंगे। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमिन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी ने बताया कि 30 दिवसीय पवित्र रमजान की शुरुआत 19 फरवरी से होगी। इस दौरान 18 फरवरी को चांद रात से ही मस्जिदों में तरावीह की नमाज पढ़ाई जाएगी। सदर रोड स्थित जामा मस्जिद में तरावीह की नमाज रात 8 बजे हाफिज व कारी असीमुद्दीन के द्वारा पढ़ाई जाएगी। रमजान के बाद ईद का त्यौहार मनाया जाएगा। रमजान और ईद को लेकर अंजुमन कमेटी द्वारा जामा मस्जिद, ईदगाह, मजार में व्यापक पैमाने पर तैयारियां की जा रही है। कमेटी ने कलेक्टर व एसपी सरगुजा को ज्ञापन सौंपकर रमजान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल व लाईट सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**केल्हारी, जिला-एम.सी.बी (छ.ग.)**
**"ईश्तहार"**

रा.प्र.क्रं. /अ-2/2024-25

आवेदिका अनिता प्रजापति पिता राधेकृष्ण प्रजापति जाति कुम्हार निवासी ग्राम केल्हारी, तहसील केल्हारी, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.) द्वारा छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा-172 के तहत् प.ह.नं. 04, ग्राम केल्हारी में स्थित भूमि खसरा नं. 82/11 रकबा 0.0200 हे. भूमि का राजस्व अभिलेखों में एकमात्र खातेदार के रूप में दर्ज शुदा एवं कब्जेदार भूमिस्वामी है। उक्त भूमि का आवेदिका आवासीय प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तन का आवेदन पत्र मय, बी-वन, खसरा नक्शा एवं रीनम्बरिंग, आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 22/02/2026 तक पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नही किया जावेंगा।

आज दिनांक 05/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
केल्हारी, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर -16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411